GREENLAWNS HIGH SCHOOL

Terminal Examination 2021

Time: 1 Hour 30 Minutes **Subject: Hindi** **Marks: 40**

STD: 9th **Date:**

--

प्रश्न 1- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए । **(10)**

(I) वर्तमान युग में आगे बढ़ने के लिए धन की आवश्यकता है न कि प्रतिभा की' - इस विषय के पक्ष या विपक्ष - में अपने विचार लिखिए।

(II) जीवन में सुख-समृद्धि पाने के लिए हर व्यक्ति अपने लिए किसी व्यवसाय को चुनना चाहता है। आप अपने लिए किस व्यवसाय को चुनना पसन्द करेंगे। उसकी प्राप्ति के लिए आप क्या-क्या प्रयत्न करेंगे तथा उससे देश व समाज को क्या लाभ होगा।

(III) अपने जीवन में घटी उस घटना का वर्णन कीजिए जिसे याद करके, आप आज भी हँसे बिना नहीं रहते तथा इससे आपको क्या लाभ मिलता है ।

(IV) **नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए,जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए ।**

प्रश्न 2- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:---- (7)

(1) आप के इलाक़े में कूडा- निपटान की वयवस्था ठीक न होने के कारण मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है ।इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए ।

(2) समय के सदुपयोग की सलाह देते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।

(I) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए। (1)

अंक- , अंचल

(II) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए । (1)

कूप- , ज्येष्ठ

(III) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (1)

आध्यात्मिक , आश्रित

प्रश्न 5- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"पर सब दिन न जात एक समान अकस्मात् दिन फिरे और सेठ जी को गरीबी का मुँह देखना पड़ा।'

(I)प्रस्तुत पाठ के आधार पर सेठ जी की विशेषताएँ बताइए। (2)

(II) सेठजी के दुःख का कारण क्या था? स्पष्ट कीजिए (2)

(III) सेठानी ने सेठ को क्या सलाह और क्यों दी? समझाकर लिखिए । (3)

(IV) महायज्ञ का पुरस्कार कहानी से क्या शिक्षा मिलती है? (3)

प्रश्न 5- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

लेकिन विघ्न अनेक अभी

इस पथ पर अड़े हुए हैं

मानवता की राह रोककर

पर्वत अड़े हुए हैं।

क) प्रस्तुत पंक्तियाँ कहाँ से ली गई है तथा इसके रचनाकार कौन हैं ? (2)

ख) प्रस्तुत पंक्तियों में किस विघ्न की बात कवि कर रहे हैं ? (2)

ग) इस प्रकार के विघ्न के हटने पर क्या होगा ? (3)

घ) आप एक विद्यार्थी हैं और विद्यार्थी जीवन में पृथ्वी को स्वर्ग बनाने के लिए आप क्या करते हैं ? (3)